# बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, पटना

(वेबसाईट https://bpssc.bihar.gov.in)

**संदर्भ : विज्ञापन संख्या–02/2026**

---

**बिहार गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग में गृह रक्षक (दैनिक कर्त्तव्य भत्ता भोगी खिलाड़ी सहित) से ''अधिनायक लिपिक'' के पद पर चयन हेतु लिखित प्रतियोगिता परीक्षा एवं ई–प्रवेश–पत्र संबंधी सूचना**

---

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा बिहार गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग में गृह रक्षक (दैनिक कर्त्तव्य भत्ता भोगी खिलाड़ी सहित) से ''अधिनायक लिपिक'' के पद पर चयन हेतु जारी किये गये विज्ञापन संख्या–02/2026 के क्रम में लिखित प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक–20.05.2026 (बुधवार) को एक पाली में निम्नांकित कार्यक्रमानुसार पटना में आयोजित की जायेगी।

| दिनांक | पाली | परीक्षा अवधि (दो घंटे) | अभ्यर्थियों का परीक्षा केन्द्र पर रिपोर्टिंग टाईम |
|---|---|---|---|
| 20.05.2026 (बुधवार) | एक पाली में | 10:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे मध्याह्न तक | 08:30 बजे पूर्वाह्न |

(2) **ई–प्रवेश–पत्र** – दिनांक–20.05.2026 (बुधवार) को एक पाली में आयोजित होने वाली लिखित प्रतियोगिता परीक्षा हेतु उम्मीदवारों का ई–प्रवेश–पत्र (E-Admit Card) आयोग की वेबसाईट https://bpssc.bihar.gov.in के 'Home Guard' टैब पर दिनांक–06.05.2026 से उपलब्ध रहेगा। अभ्यर्थी अपना ई–प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर प्रिंट आउट ले लें। स्पष्ट किया जाता है कि डाक द्वारा प्रवेश–पत्र नहीं भेजा जायेगा। आवंटित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए ई–प्रवेश–पत्र के साथ अपना एक वैध फोटो पहचान–पत्र जैसे–मतदाता पहचान–पत्र, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड अथवा पासपोर्ट भी प्रस्तुत करना होगा। यदि ई–प्रवेश–पत्र पर फोटो स्पष्ट नहीं है या उपलब्ध नहीं है तो ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर अपने साथ आवेदन–पत्र के समरूप 2 (दो) फोटोग्राफ भी लायेंगे।

(3) जो अभ्यर्थी किसी कारणवश वेबसाईट से ई–प्रवेश–पत्र डाउनलोड नहीं कर सकें वे दिनांक–15.05.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से संध्या 17:00 बजे तक बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के 5, हार्डिंग रोड, पटना–800001 स्थित कार्यालय से अपने आवेदन–पत्र की पावती की छायाप्रति एवं एक वैध फोटोयुक्त पहचान–पत्र के साथ स्वयं उपस्थित होकर अपने खर्च पर डुप्लिकेट ई–प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

(4) अनुक्रमांकवार परीक्षा केन्द्रों की सूची आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध रहेगी। अभ्यर्थी सुनिश्चित हो लें कि डाउनलोड किया गया ई–प्रवेश–पत्र उसके अनुरूप है। अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि अपने प्रवेश–पत्र को परीक्षा के बाद भी सुरक्षित रखें, क्योंकि बाद के

विभिन्न प्रक्रियाओं यथा शारीरिक दक्षता परीक्षा, अभिलेख सत्यापन एवं योगदान के समय नियुक्ति प्राधिकार/आयोग द्वारा इसकी मांग की जा सकती है।

(5) लिखित प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित उत्तर–पुस्तिका (OMR Sheet) पर मुद्रित अनुदेश का प्रतिरूप (Specimen Copy) अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आयोग की वेबसाइट पर दिया जा रहा है। प्रायः पाया गया है कि कुछ अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा में ओ0एम0आर (OMR) आधारित उत्तर पुस्तिका पर वांछित सूचनाओं (यथा–रौल नम्बर, प्रश्न–पुस्तिका नम्बर, अनुच्छेद लेखन तथा हस्ताक्षर) की प्रविष्टि दिये गये आवश्यक निर्देशों/अनुदेशों के अनुसार नहीं की जाती है जिस कारण उनका अभ्यर्थित्व रद्द हो जाता है एवं उनकी उत्तर–पुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जाता है।

उपर्युक्त त्रुटियों से बचाव हेतु अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि लिखित परीक्षा के पूर्व वेबसाईट पर दिये गये लिखित परीक्षा सम्बन्धी महत्वपूर्ण निर्देशों का अध्ययन कर लें एवं उत्तर–पुस्तिका (OMR Sheet) पर मुद्रित अनुदेश के प्रतिरूप (Specimen Copy) के अनुसार पूर्वाभ्यास कर लें, ताकि उपरोक्त त्रुटियों से बचाव हो सके और आपकी उत्तर–पुस्तिका अमान्य न हो।

(6) अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि लिखित परीक्षा के दौरान वे रौल नम्बर स्टिकर पर छपे नाम, फोटो एवं रौल नम्बर के अनुरूप ही अपने निर्धारित स्थान पर बैठें अन्यथा स्थिति में उनका अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया जाएगा।

(7) अभ्यर्थियों को पुनः सूचित किया जाता है कि परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग टाईम प्रातः 08:30 बजे है। अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पूर्वाह्न 09:30 बजे तक ही दिया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में उक्त निर्धारित समय के बाद प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

**अध्यक्ष,**
बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग,
पटना।

पत्र संख्याः–बि.पु.अ.से.आ./परीक्षा–01–08/2025–**469** दिनांक–**24.04.2026**

**बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग का कार्यालय,**
5, हार्डिंग रोड, पटना – 800001

# अनुदेश / INSTRUCTIONS

**कृपया उत्तर पत्रक में कोई भी प्रविष्टि करने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानी पूर्वक पढ़ ले।**

PLEASE READ ALL INSTRUCTIONS CAREFULLY BEFORE MAKING ANY ENTRY IN THE ANSWER SHEET

1. इस उत्तर – पत्रक में दो प्रतियां है मूल प्रति और इसके नीचें द्वितीय प्रति। उन्हें अलग करने या हटाने की कोशिश न करें।

   This answer sheet consists of two copies, the original copy and the duplicate copy below. Do not attempt to separate or displace them while answering.

2. सिर्फ नीला/काला बॉल प्वाइंट पेन ही इस्तेमाल करें। जैल पेन/पेन्सिल का इस्तेमाल वर्जित है। द्वितीय प्रति को अलग से रंगने की आवश्यकता नहीं हैं।

   Use Blue/Black Ball Point Pen only. Gel pens/pencils are not allowed. It is not required to darken the second copy separately.

3. उत्तर पत्रक में कोई भी अन्य निशान नहीं लगाएँ। किसी भी अन्य कागज, गणना मशीन और मोबाइल फोन आदि का इस्तेमाल वर्जित है और ऐसा करने पर अयोग्य ठहराया जाएगा।

   Do not put any stray marks anywhere on the answer sheet. Use of any other paper , Calculating machine & mobile etc. is prohibited and will lead to disqualification.

4. जरूरत के विवरण सावधानी पूर्वक उत्तर–पत्रक में भरना है। उत्तर – पत्रक में बदलाव की अनुमति नहीं है।

   Carefully fill up all the necessary particulars in the answer sheet. Change in answer sheet is not permitted.

5. प्रश्न पुस्तिका में दिये अनुच्छेद को दिये गये स्थान पर अपनी लिखावट में हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में लिखना अनिवार्य है, अन्यथा अयोग्य कर दिए जाएँगे। आप OMR उत्तर पत्रक में मद 3 में अपना हस्ताक्षर अवश्य करें, अन्यथा अयोग्य कर दिये जाएँगे।

   In your own running handwriting must reproduce the Paragraph as given in the question booklet in Hindi or English, otherwise you will be disqualified.

   You must put your Signature on OMR answer sheet at item no. 3 otherwise you will be disqualified.

6. अपना रोल नं0 और प्रश्न पुस्तिका संख्या बॉक्स संख्या 1 और 2 में क्रमशः बहुत ही सावधानी से भरें। प्रविष्टि गलत होने पर अयोग्य कर दिये जाएगें।

   Darken the circles corresponding to your Roll No.& Question Booklet Number against Box No. 1 & 2 very carefully. Wrong entries will lead to disqualification.

7. बॉक्स के सही गोला / गोंलो को रंगते समय नीचे दिए रूप में सही गोला / गोलों को रंगे।

   While darkening the appropriate circle(s) in the boxes darken the chosen circle(s) fully as given below.


**सही तरीका / CORRECT METHOD** Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ  **गलत तरीका / WRONG METHOD**

8. अभ्यर्थियों को प्रश्नों का उत्तर वैकल्पिक उत्तर A,B,C या D में से देना है। प्रत्येक प्रश्न में सही उत्तर चुनना है और उत्तर पत्रक में सही गोले रंगना है। एक बार रंगे हुए गोले को बदलने की अनुमति नहीं है।

   Candidates are to answer questions from the multiple choice of answers A, B, C or D. Select the right answer to each question and darken the correct circle on the answer sheet. Once darkened changes are not permitted.


**1. रोल नं**
**Roll Number**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|



**2. प्रश्न पुस्तिका न.**
**Question Booklet No.**

| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|



SPECIMEN